# लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक –"C" इन्द्रावती भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर छत्तीसगढ़
ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 मो.नं. 7999266960


क्र./T/छा.वृ./46–5/मु.मं.ज्ञा.प्रो.यो./2024–25/245 नवा रायपुर अटल नगर, दि.25/10/2024

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
छत्तीसगढ़।

विषय :– मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024–25 आनलाईन बाबत।

———00———

विषयांतर्गत लेख है कि मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024–25 हेतु CG बोर्ड से प्राप्त मेरिट सूची दिनॉक 23.10.2024 को मेल के माध्यम से आप सभी को उपलब्ध करा दिया गया है। विद्यार्थियों के पंजीयन/सत्यापन हेतु पोर्टल पर लिंक दिनांक 24.10.2024 से आरम्भ किया जा रहा है। पंजीयन/सत्यापन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश इस प्रकार है–

1. राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल schoolscholarship.cg.nic.in के home page पर "मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना" सत्र 2024–25 का प्रावधान उपलब्ध कराया गया है। जहां से मेरिट के विद्यार्थियों की सूची भी देखी जा सकती है।
2. बोर्ड परीक्षा के रोल नंबर का उपयोग कर विद्यार्थी स्वयं पंजीयन कर आवश्यक प्रमाण पत्र (स्थायी जाति/मूल निवासी) के ARN नंबर का उपयोग कर पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। 12वीं कक्षा की स्थिति में योजना की शर्तों के तहत महाविद्यालयीन संस्था में अध्ययनरत होना आवश्यक है। इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध "बोनाफाइड प्रमाण पत्र" का प्रारूप डाउनलोड कर संबंधित संस्था से प्रमाणित कर महाविद्यालयीन संस्था की फीस की रसीद के साथ पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे, तथा बैंक खातों की जानकारी भरेंगे। पूर्ण रूप से भरे आवेदन जिलों को सत्यापन हेतु भेजेंगे।
3. 11वीं में अध्ययनरत व 12वीं उत्तीर्ण शालाओं के जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी के login से विद्यार्थियों का सत्यापन कर DPI को भेजा जा सकेगा।
4. अंतरिम मेरिट सूची प्रकाशन उपरांत नियत समय सीमा में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष दावा आपत्ति की जा सकेगी जिसका निराकरण एक सप्ताह में किया जाना होगा।
5. मेरिट के विद्यार्थियों तक पर्याप्त सूचना हेतु संबंधित शालाओं/शाला समिति व स्थानीय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित करें।
6. पंजीयन/सत्यापन/अन्तिम मेरिट सूची प्रकाशन/दावा आपत्ति की समय–सीमा इस प्रकार है–

| प्रकिया | आरम्भ | बंद |
|---|---|---|
| पंजीयन | 24.10.2024 दोपहर 12.00 बजे | 20.11.2024 सायं 5.00 बजे |
| सत्यापन | 21.11.2024 प्रातः 10.00 बजे | 27.11.2024 सायं 5.00 बजे |
| दावा आपत्ति | 28.11.2024 प्रातः 10.00 बजे | 02.12.2024 सायं 5.00 बजे |
| अंतिम सूची प्रकाशन एवं वितरण | 09.12.2024 (संभावित) | |

**(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

25/x/24
उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

पृ.क्र./T/छा.वृ./46–5/मु.मं.ज्ञा.प्रो.यो./2024–25/246 नवा रायपुर अटल नगर, दि.25/10/2024

<u>प्रतिलिपि</u> –

1. सचिव, छ.ग. शा. स्कूल शि.वि. मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
2. श्रीमती ललिता वर्मा, वैज्ञानिक –"सी" एन.आई.सी. मंत्रालय की ओर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय